
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 38 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**अन्नदाता का अभिनंदन करें



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 5 मई 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 19.0°

31715.35

2 चीन ने जमाखोरी के लिए छिपाया कोरोना

7 कोविड से भी घातक यह वायरस इससे बचें

## संक्षिप्त समाचार

### शराब की दुकानें खोलना सरकार को पड़ सकता है भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की चेन को तोड़ने के लिए मोदी सरकार ने दो चरणों का लॉकडाउन पूरा कर दिया है और आज से तीसरे चरण का लॉकडाउन शुरू हो चुका है। इस चरण में मोदी सरकार ने तमाम रियायतें दी हुई हैं। इनमें से ही एक रियायत है शराब की दुकानें खोले जाने की। शराब की दुकानें खुलते ही लोग दुकान के सामने लंबी लाइनों में खड़े दिखे। कई जगह नियम कानून की धज्जियां भी उड़ती दिखीं। कहीं लॉकडाउन 3.0 में शराब की दुकानें खोलना मोदी सरकार को भारी ना पड़ जाए। कहीं ये एक फैसला लॉकडाउन के दो चरणों की मेहनत पर पानी ना फेर दे।

### दिल्ली खोलने पर केंद्र ने तरेरी आंखें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लॉकडाउन 3.0 की शुरुआत 4 मई से हो गई। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने प्रतिबंधों में बहुत हद तक ढील दी है। पूरी दिल्ली रेड जोन है, ऐसे में उन्होंने केंद्र से अपील की थी कि केवल कंटेनमेंट जोन को ही रेड जोन घोषित किया जाए। सोमवार को दिल्ली के सरकारी/प्राइवेट दफ्तर खुल गए। सीएम केजरीवाल ने सचिवालय में कैबिनेट मीटिंग की। इसके अलावा शराब की दुकानों में लंबी–लंबी लाइनें देखने को मिल रही हैं।

### सूरत में पुलिस और प्रवासी मजदूर भिड़े, घर भेजने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सूरत। कोरोना महामारी को रोकने के लिए तीसरी बार बढ़ाए गए लॉकडाउन से प्रवासी मजदूरों का सब्र जवाब दे रहा है। सोमवार को गुजरात के सूरत में प्रवासी श्रमिकों की पुलिस से झड़प हो गई। देखते–देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और पुलिस को मजदूरों पर लाठियां भी बरसानी पड़ीं। बताया गया कि गुजरात के सूरत में लॉकडाउन में फंसे प्रवासी मजदूर अपने–अपने घरों को वापस जाने की मांग कर रहे थे।

# गिलगित–बाल्टिस्तान भी हमारा

सुको के आदेश पर भारत ने पड़ोसी देश से जताया कड़ा विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के गिलगित–बाल्टिस्तान पर दिए गए एक आदेश पर इस्लामाबाद से कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने एक वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक को बुलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में पड़ोसी देश के बदलाव करने के प्रयास पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत ने पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिक को आपत्ति पत्र जारी किया और तथाकथित गिलगित–बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बयान में कहा गया है, यह स्पष्ट रूप से बता दिया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश पूरा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख जिसमें गिलगित–बाल्टिस्तान भी शामिल हैं, वह पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय के तहत भारत का अभिन्न अंग हैं।

पाकिस्तान की अदालत नहीं दे सकती है कोई फैसला– भारत विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार या उसकी न्यायपालिका को उन क्षेत्रों पर हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं हैं जो उसने अवैध तरीके से और जबरन कब्जाए हुए हैं।

## पीओके पर भारत की पाकिस्तान को खरी–खरी



### विदेश मंत्रालय ने जताया से पाक से कड़ा विरोध

विदेश मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान को साफ तौर पर फिर से बताया गया है कि पूरा गिलगित–बाल्टिस्तान समेत जम्मू–कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान सरकार और वहां की अदालत को जबरन कब्जाए गए इस क्षेत्र पर आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है। भारत जम्मू–कश्मीर के पीओके में बदलाव करने जैसी कार्रवाई को सिरे से नकारता है। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने गिलगित–बाल्टिस्तान में चुनाव कराने का आदेश जारी किया था।

### भारत बोला– पाक कर रहा है पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन

बयान में कहा गया है कि संसद से 1994 में पास एक प्रस्ताव में जम्मू–कश्मीर पर भारत ने स्थिति साफ कर रखी है। बयान में कहा गया है कि भारत इस तरह के कदमों को पूरी तरह से खारिज करता है और भारतीय जम्मू–कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों की स्थिति में बदलाव लाने के जारी प्रयासों पर आपत्ति जताता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के हालिया कदम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर उसके अवैध कब्जे को छुपा नहीं सकते हैं और न ही इस पर पर्दा डाल सकते हैं कि पिछले सात दशकों से इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया, शोषण किया गया और उन्हें स्वतंत्रता से वंचित रखा गया।

# देश में कोरोना केस 42 हजार के पार

## 24 घंटे में 2553 नए केस, रिकवरी रेट बढ़कर 27.5 फीसदी हुआ

**संवाददाता**

नई दिल्ली। देश में कोरोना का कहर लगातार जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 2,553 नए केस सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना के कुल मामलों की तादाद बढ़कर 42,533 हो गई है। देश में कोरोना से ठीक होने वाले लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में 1,074 मरीज ठीक हुए हैं। देश में कोरोना से ठीक होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़कर 11,706 हो गई है जो 27.5 फीसदी है। हालांकि लॉकडाउन 3.0 के पहले दिन ढील दिए जाने के चलते देशभर से जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे चिंतित करने वाली हैं।

### सोशल डिस्टेंसिंग भूले तो बढ़ेगा कोरोना

स्वास्थ्य, गृह और सरकार के अन्य विभागों की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इस पर गंभीर चिंता जताई गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि लॉकडाउन के तीसरे चरण में सोमवार से दी जा रही छूट के दौरान भी लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। जरूरी काम होने पर ही घरों से निकलें और भीड़–भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

**गृह मंत्रालय ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर:** गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने कहा कि राज्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि अंतर–राज्यीय कार्गो के आवामगन में कोई समस्या नहीं आए। इसके लिए गृह मंत्रालय में कंट्रोल रूम नंबर 1930 और नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया हेल्पलाइन नंबर 1033 का उपयोग ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों द्वारा लॉकडाउन से संबंधित किसी भी शिकायत को दर्ज करने के लिए किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कोरोना वायरस के कुल सक्रिय मामले 1939 है।

### अफ्रीका में घिरा चीन भारत के लिए बड़ा मौका

नैरोबी। वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस के कारण चीन पूरी दुनिया के निशाने पर आ गया है। अमेरिका जहां चीन पर कोरोना वायरस के बारे में जानकारी छिपाने का आरोप लगा रहा है तो अफ्रीकी देश उस पर नस्लवादी होने का आरोप लगा रहे हैं। चीन में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सख्त उपाय किए गए हैं। चीन पर गंभीर आरोप यह लगा है कि उसने कई अफ्रीकी नागरिकों को उनके होटलों और रिहाइशी इलाकों से बाहर कर दिया गया था। चीन के इस कदम को लेकर अफ्रीकी देशों में काफी होहल्ला हुआ और अब पेइचिंग को इसका जवाब देना भारी पड़ रहा है। इस बीच विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के प्रति अफ्रीकी देशों का मोहभंग हुआ है और इससे भारत को बड़ा फायदा हो सकता है। चीन की तरह भारत की भी अफ्रीकी देशों में अपनी महत्वाकांक्षा है लेकिन चीन अब तक उस पर भारी पड़ा है। लेकिन अब उसके पास वहां अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका है।

# रेलवे ने प्रवासी मजदूरों को कोई टिकट नहीं बेचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■राज्य सरकारों से वसूला केवल मानक किराया

नई दिल्ली। देश में इनदिनों प्रवासी मजदूरों से रेल किराया वलूसने के मुद्दे पर राजनीति गर्माई हुई है। प्रवासी मजदूरों से किराया वसूलने के मुद्दे पर चल रही राजनीति के बीच रेलवे ने साफ किया है कि उसने प्रवासी मजदूरों से कोई किराया नहीं वसूला है। रेल मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया है कि रेलवे ने प्रवासी मजदूरों को कोई टिकट नहीं बेचा है।

सूत्रों के मुताबिक रेलवे, राज्य सरकारों से केवल मानक किराया वसूल रहा है, जो रेलवे की कुल टिकट लागत का महज 15 प्रतिशत है। यानि रेलवे खुद टिकट की 85 प्रतिशत लागत वहन कर रहा है। रेलवे ने साफ किया कि उसने केवल राज्यों द्वारा प्रदान की गई सूचियों के आधार पर यात्रियों को ट्रेनें में यात्रा की अनुमति दी है।

रेल मंत्रालय के सूत्रों के बताया है कि रेलवे ने देश के विभिन्न हिस्सों से अब तक 34 श्रमिक विशेष ट्रेनें चलाई हैं और संकट के इस समय में विशेष रूप से गरीब से गरीब लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने की अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा कर रही है। रेलवे ने इस दौरान कोरोना वायरस लॉकडाउन के नियमों को पालन करते हुए शारीरिक दूरी को बनाए रखने के लिए प्रत्येक कोच में एक बर्थ खाली रखते हुए श्रमिक विशेष ट्रेनें चला रहा है।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सीजफायर तोड़ने और आतंक फैलाने पर देंगे करारा जवाब

नई दिल्ली। हंदवाड़ा मुठभेड़ के दो दिन बाद इंडियन आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि पाकिस्तान जबतक सीमा पार से आतंकवाद को प्रोत्साहित करने की नीति को नहीं छोड़ता तब तक हम जवाबी कार्रवाई करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीमा पर घुसपैठ की बढ़ती कोशिशों से यह पता चल रहा कि पाकिस्तान कोरोना के खिलाफ लड़ाई का इच्छुक नहीं है।

बता दें कि शनिवार को जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ लोहा लेते हुए भारतीय सेना के 5 जांबाज शहीद हो गए थे।

जनरल नरवणे ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की बढ़ती घटनाओं के पता चलता है कि यह एक वैश्विक जोखिम है। पाकिस्तान अभी भी आतंकियों को भारत में दाखिल कराने के अपने सीमित एजेंडे पर ही चल रहा है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in